बर्षः- 05
अंकः- 334
मुरादाबाद
(Monday)
30 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

MANN KI BAAT:

हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा;मन की बात में PM मोदी बोले- अफवाहों से बचें, संयम बनाए रखें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। यह कार्यक्रम का 132वां एपिसोड और वर्ष 2026 का तीसरा प्रसारण है।मन की बात देश के लोगों से सीधा संवाद का मंच माना जाता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से साझा किया कि जब समाज स्वयं पहल करता है, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बन जाते हैं।

उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई प्रेरक उदाहरण सामने आ रहे हैं। मोदी ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुए एक प्रेरक प्रयास का जिक्र किया। वहां सिर्फ एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और इस प्रयास ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस काम की सबसे खास बात यह थी कि हजारों लोग एक साथ जुड़े। छात्र, जवान, स्वयंसेवी संगठन और विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर इसे संभव बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि यह जनभागीदारी का स्वरूप पहले से ही %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान में दिखाई देता है। इस अभियान के तहत पूरे देश में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के लक्ष्य को साकार करने में मदद कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और यह समय जल संरक्षण के संकल्प को दोहराने का है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में जल संचय अभियान ने देशभर में लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया है। इस अभियान के तहत करीब 50 लाख कृत्रिम जल संचयन संरचना बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने खुशी व्यक्त की कि अब गांव-गांव में सामुदायिक स्तर पर जल संकट से निपटने के प्रयास शुरू हो गए हैं। कई स्थानों पर पुराने तालाबों की सफाई की जा रही है और बरसात के पानी को सहेजने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी ने बताया कि अमृत सरोवर अभियान के तहत देशभर में लगभग 70 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। बारिश का मौसम आने से पहले इन सरोवरों की साफ-सफाई भी शुरू हो गई है, जिससे जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि त्रिपुरा की जंपुई पहाड़ियों में स्थित वांगमुन गाँव 3000 फीट की ऊंचाई पर बसा है और कभी पानी की गंभीर कमी से जूझ रहा था। गर्मियों में गाँव के लोग पानी के लिए लंबी दूरी तय करते थे।प्रधानमंत्री ने बताया कि गाँव वालों ने बारिश के पानी को सहेजने का संकल्प लिया। आज लगभग हर घर में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित हो गया है और यह गाँव अब जल संरक्षण की प्रेरक मिसाल बन चुका है। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में किसानों ने छोटे रिचार्ज तालाब और सोखता गड्ढे बनाकर बारिश के पानी को खेतों में संरक्षित किया। इससे पानी धीरे-धीरे जमीन के अंदर चला गया।

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज इस मॉडल को 1200 से अधिक किसान अपना चुके हैं और क्षेत्र का ग्राउंड वॉटर लेवल काफी बेहतर हो गया है। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के मंचेरियाल जिले के मुधिगुंटा गाँव का उदाहरण भी साझा किया। गाँव के 400 परिवारों ने अपने घरों में सोख गड्ढे बनाए और पानी संरक्षण का एक जन-आंदोलन खड़ा किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब 100 दिन से भी कम समय में आने वाला है और पूरी दुनिया में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अफ्रीका के जिबूती में अल्मिस जी अपने अरविंद योग सेंटर के माध्यम से योग को बढ़ावा दे रहे हैं। वे वहां के कई और स्थानों पर भी लोगों को योग सिखाते हैं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया से जुड़े उदाहरण भी साझा किए। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ की पोस्ट पर उनके पिता के शुगर सेवन को कम करने के अनुरोध पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी। इससे उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भी आग्रह किया कि वे शुगर का सेवन कम करें और खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कटौती करें। उन्होंने कहा कि यह छोटे-छोटे कदम हमारे स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को क्रिकेट के मैदान से जुड़ी हालिया उपलब्धियों पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह महीना देशभर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा है। भारत ने T20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जिससे पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। पिछले महीने कर्नाटक के हुबली में हुए रोमांचक मुकाबले में जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी अपने नाम की। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह टीम करीब 7 दशकों के इंतजार के बाद अपना पहला रणजी खिताब जीतने में सफल रही। टीम के कप्तान पारस डोगरा ने अपने नेतृत्व और कौशल से इस जीत में अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने इस सफलता को खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम बताया। इस रणजी सीजन में जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज आकिब नबी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 विकेट लिए। इस जीत ने खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और पूरे राज्य के लोगों में गर्व और उत्साह बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सफलता युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी और जम्मू-कश्मीर को बड़े खेल आयोजनों का केंद्र बनाने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवा खेलों के प्रति गहरा उत्साह रखते हैं। गुलमर्ग, खेलो इंडिया विंटर गेम्स के लिए पहले ही प्रसिद्ध हो चुका है। साथ ही, यहां फुटबॉल और अन्य खेलों में भी युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है। मोदी ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों की जीत का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा।पीएम मोदी ने कहा आज मन की बात में एक ऐसे प्रयास के बारे में बताना चाहता हूं, जो देशवासियों की जनभागीदारी की भावना को दर्शाता है। ये प्रयास है - ज्ञान भारतम सर्वे, जिसका संबंध हमारी महान संस्कृति और समृद्ध विरासत से है। इसका उद्देश्य देशभर में मौजूद पांडुलिपियों यानि पांडुलिपियों के बारे में जानकारी जमा करना है। इस सर्वे से जुड़ने का एक माध्यम, ज्ञान भारतम ऐप है आपके पास अगर कोई पांडुलिपियों है, पांडुलिपि है, या उसके बारे में जानकारी है, तो उसकी फोटो %ज्ञान भारतम एप% पर जरूर साझा करें। हर एंट्री से जुड़ी जानकारी को दर्ज करने से पहले उसकी पुष्टि भी की जा रही है। मुझे इस बात की खुशी है कि अब तक हजारों पांडुलिपियों पांडुलिपि लोगों ने शेयर की हैं। उदाहरण के तौर पर अरुणाचल प्रदेश के नामसाई के चाओ नंतिसिन्ध लोकांग जी ने ताई लिपि में पांडुलिपियाँ साझा की हैं। अमृतसर के भाई अमित सिंह राणा ने गुरुमुखी लिपि में पांडुलिपि शेयर की हैं। यह हमारी महान सिख परंपरा और पंजाबी भाषा से जुड़ी लिपि है। कुछ संस्थाओं ने ताड़ के पत्ते पर लिखी पांडुलिपियाँ दी हैं। ग्रंथालय ने ताम्रपत्रों पर लिखी बहुत पुरानी पांडुलिपियाँ share की हैं। वहीं, लद्दाख की हामिस मोनेस्ट्री ने तिब्बती में बहुमूल्य पांडुलिपियों के बारे में जानकारी दी है। यहाँ पर मैंने कुछ ही उदाहरण दिए हैं। यह सर्वे, जून के मध्य तक जारी रहने वाला है । आप सभी से मेरा आग्रह है कि अपनी संस्कृति से जुड़े पहलुओं को सामने लाएं और शेयर करें ।

संक्षिप्त समाचार

किसी भी पार्टी का नेता हो गोमाता की रक्षा करनी पड़ेगी, अविमुक्तेश्वरानंद बोले-हम सरकारी नहीं असरकारी संत

अंबेडकरनगर में अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि किसी भी पार्टी का नेता हो गोमाता की रक्षा उसे करनी पड़ेगी। हम सरकारी नहीं असर-कारी संत हैं।यूपी के अंबेडकरनगर में रविवार सुबह शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के चरण पादुका पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके बाद वह मीडिया से रूबरू हुए। ज्ञात हो कि वह शनिवार को जनपद पहुंचने के बाद टांडा के गोवर्धनपुर में ज्योर्तिमठ उत्तराखंड के वित्त विभाग के प्रमुख मदन मोहन उपाध्याय के आवास पर रात रुके थे।शंकराचार्य ने अपने धर्मयुद्ध यात्रा के बारे में बताया कि आगामी तीन मई से 23 जुलाई तक पूरे प्रदेश में होगी। यह यात्रा गोमाता की अनदेखी और अन्याय के विरोध में निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 40 दिन में स्थिति में सुधार का समय दिया था, लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं किया। गोमाता की रक्षा किसी भी पार्टी का नेता हो उसे करनी पड़ेगी। हम हिंदू इस बात के लिए तैयार नहीं हैं कि हमारी माता को काट-काट कर डॉलर के लिए बेचा जाए।सरकारी संतों से भला नहीं होने वाला-मी रामभद्राचार्य से विवाद पर कहा कि संत दो तरह के हो गए हैं, सरकारी और असर-कारी। हम स्वयं को असर-कारी श्रेणी में रखना चाहते हैं। सरकारी संतों से भला नहीं होने वाला है। अन्याय और अत्याचार पर सरकारी संत सत्ता के लिए ही बोल रहे हैं।

गुजरात में दलित-आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार का आरोप, राहुल गांधी ने उठाया ऊना कांड का मुद्दा

राहुल गांधी ने गुजरात में दलित और आदिवासी समुदायों पर बढ़ते अत्याचार का आरोप लगाया। ऊना कांड के पीड़ितों को अब तक न्याय न मिलने पर जताई चिंता। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात में दलित और आदिवासी समुदायों के खिलाफ बढ़ते अत्याचार को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नफरत, भेदभाव और हिंसा का माहौल लगातार गहराता जा रहा है।ऊना कांड का फिर उठाया मुद्दा-राहुल गांधी ने 2016 के ऊना कोड़े मारने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना पूरे देश को झकझोर देने वाली थी। उस समय चार दलित युवकों को सार्वजनिक रूप से पीटा गया था। उन्होंने कहा कि करीब एक दशक बीत जाने के बावजूद पीड़ितों को अब तक न्याय नहीं मिल सका है, जो अपने आप में एक बड़ी विफलता है।

प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बयान-राहुल गांधी ने हाल ही में गुजरात से आए दलित और आदिवासी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई पीड़ितों की आपबीती सुनी। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में लोगों को इतनी बेरहमी से पीटा गया कि उनके शरीर में कई फ्रैक्चर हो गए, वहीं एक अन्य मामले में व्यक्ति को जिंदा जला दिया गया। %डर और अन्याय का माहौल%-कांग्रेस नेता ने कहा कि ये घटनाएं सिर्फ अलग-अलग अपराध नहीं हैं, बल्कि एक ऐसे माहौल की तस्वीर पेश करती हैं जहां डर और अन्याय हावी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाते हैं, उन्हें धमकियों, हिंसा और यहां तक कि हत्या के जरिए दबाने की कोशिश की जाती है।

न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष- राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा शासित गुजरात में दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार बढ़े हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह मॉडल अब पूरे देश में लागू किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

राहुल गांधी ने कहा मैं पहले भी इन परिवारों के साथ खड़ा था, आज भी हूं और तब तक उनकी आवाज उठाता रहूंगा जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी कहा कि ऊना के पीड़ित पिछले 10 वर्षों से न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

सपा की समानता भाईचारा रैलीः कल भी एक रैली हुई, उसमें लोग आए नहीं थे, उन्हें लाया गया, अखिलेश का BJP पर हमला

ग्रेटर नोएडा के दादरी में आयोजित सपा की समानता भाईचारा रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि रैली में आने से पहले मुझे कुछ एटीएम की बातें सुनने को मिली हैं। हम लोग तो 10 साल से सरकार में नहीं हैं। तंज करते हुए कहा कि एटीएम के ए पर कुछ लोग बहुत मेहरबान रहते हैं। भाजपा के बाद आज रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) ने रैली कर विधानसभा चुनाव के अभियान का आगाज किया। सपा ने दादरी में समाजवादी समानता भाईचारा रैली का आयोजन किया। इस रैली में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा, पंडाल पूरा भरा दिखाई दे रहा है, पंडाल की बनावट भी ऐसी है, जिसमें जो रंग छनकर आ रहा है, वह भी पूरा लाल (पार्टी के झंडे का रंग) नजर आ रहा है। इसके लिए उन्होंने सपा नेता राजकुमार भाटी की सराहना की। अखिलेश यादव ने आगे बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि, इस रैली की चर्चा ने न जाने कितनों लोगों के होश उड़ा दिए। इस रैली ने न केवल होश उड़ाया, बल्कि उन्हें मजबूर कर दिया। मजबूरी में उन्होंने क्या फैसला लिया कि हमारी रैली से पहले वह रैली करेंगे। कल भी रैली हुई थी, उसकी तो पोल हमारे बहुत से लोगों ने खोल दी है। यह नया जमाना है, कोई कैमरे से नहीं बच सकता है। उस रैली में लोग आए नहीं थे, लोगों को लाया गया था।रैली के लिए सरकारी कर्चचारियों का सहारा लेना पड़ा- अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने कहा, जो पार्टी अपने आप को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बोलती है, उस पार्टी के नेताओं को रैली के लिए अपने सरकारी कर्मचारियों का सहारा लेना पड़ा। न केवल सहारा लेना पड़ा, बल्कि कुछ दिन पहले एक संस्था की वजह से देश-दुनिया में भी, वह विवादित रोबोट जो दिखाया गया। सुनने में आया है उस संस्थान से छात्रों को बुलाया और कहा गया कि रैली के बाद छुट्टी दी जाएगी। आप जानकारी कर लेना, जहां-जहां से छात्र आए थे उन सब छात्रों को लंबी छुट्टी दी गई है। सात में से छह एयरपोर्ट बंद- अखिलेश यादव- अखिलेश यादव ने आगे हमला बोलते हुए कहा, जो लोग हवाई अड्डे का उद्घाटन कर रहे थे, जिन लोगों ने खबरें ठीक से पढ़ी होंगी। पहले भी इस सरकार में एयरपोर्ट्स के उद्घाटन हुए हैं, उनमें से सात एयरपोर्ट में छह बंद हो गए हैं। कम से कम इस एयरपोर्ट के उद्घाटन के समय यह वादा करके जाते कि इसे बेचा नहीं जाएगा। लगता तो ऐसा है कि यह उद्घाटन ही बेचने के लिए हुआ है। कल रैली में प्रधानमंत्री ने सपा पर बोला था हमला- बता दें कि कल शनिवार को प्रधानमंत्री ने नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद रैली को संबोधित किया था। जिसमें उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा वालों ने नोएडा को अपना एटीएम बना लिया था। जबकि भाजपा ने लूट को रोका और विकास कराए। वहीं सीएम ने वर्ष 2002 से लेकर 2017 तक विकास नहीं होने की बात कही और सपा व कांग्रेस का नाम लिया था।

संपादकीय Editorial

There is no 'oil emergency' in India.

Prime Minister Modi held discussions with state Chief Ministers via video conferencing. This is the federal nature of our democracy. The Prime Minister must have discussed not only the situation in West Asia, but also the global situation arising from the Iran war. Similar federal discussions were held during the COVID-19 pandemic. At that time, a particularly virulent, deadly infection spread across the world. Along with the lockdown in India, several strict measures were also taken. Our economy went into a tailspin. The atmosphere and situation were extremely dire. However, today the situation is not the same. The supply of oil, gas, fertilizers, etc. has been disrupted, leading to a shortage. It is indeed a period of crisis. The 'black sheep' of rumors and propaganda have also started spreading fake news about the lockdown. A section of the media even published analyses that the country's oil and gas stocks only last for 7-9 days. Perhaps this has panicked the common man, leading to crowds at petrol pumps, and even violence. The police have also been attacked. The Petroleum Ministry has revealed that the country has a 60-day stockpile of petrol, diesel, and cooking gas (LPG). The government has booked crude oil for the next 60 days. Approximately 800,000 tons of LPG cargoes have been secured. They are coming from Russia, the United States, Australia, and other countries. Crude oil is also arriving from Saudi Arabia, the United Arab Emirates, Iraq, Russia, and other countries. This supply has been ensured for 60 days. Not a single one of the country's 100,000 petrol pumps has run out of petrol or diesel. The supply is continuous. The country consumes approximately 33 million metric tons of LPG annually, and our refineries are producing an average of 50,000 tons of LPG daily. Production has been increased by 40 percent. If hoarders, black marketers, profiteers, thieves, looters, and anti-nationals are not convinced by this government disclosure, what other alternative medium exists in the country that can inform the nation about the updated oil and gas situation? You may be anti-government, anti-Prime Minister, anti-policy, but political bias should not reach the level of anti-India. Crisis, disaster, and immediate setback seem like synonymous terms, but they describe different situations. The US and Israel launched a war against Iran, and Iran retaliated by destroying Gulf oil and gas facilities, razing 17 US bases to the ground. As a result, 113 countries in Asia, Europe, Africa, and the Global South are being affected. Countries like Australia, New Zealand, Vietnam, Cambodia, Myanmar, the Philippines, Slovakia, Canada, Thailand, Nigeria, Laos, Germany, and France have implemented states of emergency, car-free days, petrol pump closures, rationing, and odd-even rules. Developed countries like Japan have had to release their oil reserves. The global LPG shortage is being reported at 140 billion tons. The crude oil crisis is a separate issue. Petrol and diesel prices have also risen 22 percent in the United States. By and large, India is not currently in a state of emergency. The government has not increased the prices of petrol and diesel for the common man. Modi may have discussed these issues with Chief Ministers.

Americans are afraid of Indians, restrictions are also harmful to America.

According to Pew Research, Hindus and Indians are the most educated in America, with 70% having a bachelor's degree or higher. The article also highlights the patriotism of Indians, while some Indian intellectuals present a negative image of India abroad. Pew Research: Indians are the most educated community in America. Indians have a deep love for their country. Americans are afraid of the success of Indians, restrictions are harmful. A recent Pew Research report stated that Hindus are the most educated of all religious groups in America, followed by the Jewish community. 70 percent of Hindus have a bachelor's degree or higher. Similarly, 65 percent of Jews have a bachelor's degree or higher. Compared to these two groups, only 35 percent of Americans have such an education. Four out of ten among Muslim, Buddhist, and Christian groups have a bachelor's degree. Protestant Christians also have above-average education, while Catholics have a lower education than the national average. A Pew Research report also indicates that most Indians who have come to the United States have pursued higher education. Another report stated that Indians have very few complaints about India. They do not participate in campaigns aimed at criticizing their own country. Only three percent of Indians hold negative opinions about their country. The number of people who dislike their country is 20 percent in the United States and 29 percent in Britain. People in countries like India, Spain, Canada, Indonesia, and others are also proud of the many languages ??spoken in their countries. This conclusion was drawn from interviews with 30,000 people from 25 countries. Among the three percent who criticize their own country, India, the majority appear to be intellectuals, especially those working in the field of education. This author witnessed an example of this during a recent visit to the United States. A symposium on India was held at a major university. The speakers were senior Indian professors from the university. Throughout his nearly two-hour address and the PPT presentation, he repeatedly reiterated that this country has this evil, that evil. Nothing has happened here. Economically and educationally, it's backward. Women's performance is particularly poor. The statistics he presented were somehow sourced from nowhere. They painted a picture of India as a deeply backward country. Undoubtedly, much remains to be done for our population, but the claim that nothing has been done is beyond the facts. After the symposium, this writer went to meet the professor and asked him why he had assumed that India held no hope and was a worthless country. Since he was an acquaintance, he accompanied him as he left. What he said as he sat in his car was astonishing. He said, "If we don't do this, who will care about us?" In other words, if someone asks us, if our careers flourish, if we reach the pinnacle of fame, then we will say that India is worthless." After all, what is this if not dishonesty? A few decades ago, a girl I knew worked for a large international organization, frequently traveling to many countries. Once, she went to a seminar in the United States. An American girl, upon seeing her, asked with disgust, "What are you doing here? What do you know?" On the one hand, Pew Research suggests that Indians, mostly Hindus, are the most educated. On the other hand, Trump's statements in recent years confirm his fear that Indians might destroy what little space he has left. Therefore, various restrictions are being imposed on Indians to prevent them. One reason for this is that American citizens have no particular interest in education and improving their skills. That's why educated people from around the world work in large numbers in America's various world-renowned organizations. Indians dominate Silicon Valley, which America boasts of. Therefore, efforts are now being made to prioritize Americans in employment. Such statements are being made by the US government itself. After all, who can stop this from happening? But to do so, we must also develop that capability in our citizens. Although major American industrialists have said that stopping Indians would be detrimental to America itself. Indians generally have a very positive image abroad. An Indian woman working for Australia's largest radio group once said that we are considered a peace-loving group, minding our own business. I also experienced the patriotism of Indians that Pew Research described. Once, while traveling to France, I met a Muslim woman. She sadly said that she hadn't been to India in five years. She misses her country terribly. There is nothing better than her own. Her eyes filled with tears as she said this. In fact, it is this country that nurtures us and gives us our identity, but some people forget this. Surprisingly, most of them are intellectuals.

Assembly elections with far-reaching implications, sweeping decisions ranging from SIR to delimitation

An analysis of the upcoming assembly elections in four states and one union territory over the next month and a half. This article highlights factors such as leadership, anti-incumbency, and political narrative. The upcoming assembly elections in four states and one union territory. Leadership, anti-incumbency, and narrative will determine the electoral outcome. The 2029 Lok Sabha elections, delimitation, and women's reservation will have far-reaching implications. New governments will be formed in four states and one union territory over the next month and a half. All eyes are on whether the ruling party in these states wins back the mandate or whether the opposition parties take over. Clearly, decisions taken in the public interest are a major factor in the return to power, but the credibility of the leadership of various parties is also an important factor. The public assesses how well the respective parties will be able to secure not only their own future but also the future of their children. While this is limited in assembly elections, the scale often extends beyond family and children to the nation. These factors will play a significant role in the electoral states.

There isn't much uncertainty regarding Assam, and this is largely due to the fact that even opposition Congress leaders seem dissatisfied with their preparations. The ruling BJP currently stands far ahead in terms of leadership, performance, and narrative. Infiltration remains a major issue in the state, and the BJP is championing it. Puducherry is a Union Territory, influenced by Tamil Nadu politics. Therefore, the nation is particularly interested in Tamil Nadu, Kerala, and, most importantly, West Bengal. Given Bengal's demographics and the political landscape of Mamata Banerjee, who has been in power for 15 years, no one is inclined to predict that she won't be able to return to power for a fourth time. However, one factor is particularly prominent in these three states: anti-incumbency. Nearly a quarter of Bengal's seats have Muslim voters exceeding 30 percent, and they are opposed to the BJP based on narrative. This is a major base of Mamata's electoral strength, but she realized last time that the ground was crumbling. A large segment of the population yearns for development and yearns for change. The intelligentsia is also distraught over many of the Trinamool government's policies. The brutality against women, from Sandeshkhali to RG Kar Medical College, has shaken women's safety and sensitivities. Opposition parties are rekindling this. The Mamata government will likely be unaware of this, but it's unclear what they are doing to allay the fears of the elite. It's believed that this time's Bengal election will be primarily fought in Kolkata Presidency or Greater Kolkata, where the BJP failed last time. Howrah, Hooghly, South and North 24 Parganas, and Nadia comprise approximately 125 seats. Last time, senior BJP leaders didn't campaign in this region. Due to COVID, Prime Minister Modi decided not to campaign in the last three phases. Even opposition parties don't rule out Modi making some changes to his campaigning in the final days. The two-phase elections in Bengal, as opposed to the usual eight, could be crucial. This time, the elections will conclude within a week. This is expected to significantly limit the activities of miscreants. Despite all this, Mamata Banerjee is not being written off, as during her long political struggle, she has proven herself a fighter and, to a large extent, represents the mood of Bengal. A victory would establish her as the most prominent leader among the opposition parties, but if she loses, it would be a bigger victory for the BJP than in Bihar, Delhi, and Maharashtra. It will gain new ground for expansion, and its impact will last until 2029. It also poses a significant challenge, as changing the political culture of Bengal is not easy. Last time, there was anti-incumbency in Kerala, but due to internal conflict, the Congress-led UDF lost again to the CPI(M)-led LDF. The CPI(M), which holds national party status, may disappear from national politics this time. It would be inaccurate to attribute this shrinking of the Left ideology to just one state assembly. Experts also attribute the Congress's declining graph to this ideology. The Left parties lost to Mamata Banerjee in Bengal, the BJP in Tripura, and are now on the verge of being wiped out by the Congress in Kerala. A further problem for the Left Front in Kerala is that the lotus is beginning to bloom there. The BJP has usurped the Left's five-decade rule in the Trivandrum Municipal Corporation. If the Left gains a foothold in the Assembly, the Left's Hindu support base could be shaken. In such a situation, Kerala could bring significant relief to the Congress. Since the 2024 Lok Sabha elections, elections have been held in half a dozen states, and the Congress has received no positive news. In Jammu and Kashmir, the Omar Abdullah government marginalized the Congress. In Jharkhand, the Hemant Soren government certainly secured representation, but lacked credibility. Meanwhile, the BJP and NDA have won in Haryana, Maharashtra, Bihar, and Delhi. Opposition parties trying to oust MK Stalin from power in Tamil Nadu are banking on the hope that anti-incumbency will work. While this is a factor, the leadership needed for an election is currently lacking in the AIADMK, which will lead the NDA. Cine stars wield influence in this state, and this time, the state's youth appear to be on Vijay's side. However, if they themselves carry the anti-incumbency vote, Stalin's path will become easier. This will not bode well for the BJP, as the party, like in Kerala, is looking to lay a foundation for the future here. Before the 2029 Lok Sabha elections, delimitation will also take place, the number of seats will increase, and women's reservations will be implemented. Therefore, the impact of these elections, held alongside the SIR, will be felt far and wide.

चंदौसी पुलिस की मुठभेड़ में डकैती का एक बदमाश गिरफ्तार, साथी हुआ फरार; पैर में लगी गोली

चंदौसी पुलिस ने असालतपुर जारई डकैती मामले में एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश रवि के पैर में गोली लगी।चंदौसी पुलिस ने मुठभेड़ में

डकैती के बदमाश को पकड़ा- बदमाश रवि के पैर में गोली लगी, अस्पताल में भर्ती- एक अन्य
बदमाश राजेंद्र मौके से फरार, तलाश जारीकोतवाली पुलिस की असालतपुर जारई में परिवार को
बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस
की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार
के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि एक बदमाश पुलिस को चकमा देने में सफल
रहा। वहीं पुलिस ने बदमाश की गिरफ्तारी के साथ घटना का खुलासा कर दिया है। मुठभेड़ में
बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली-एएसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि चंदौसी पुलिस असालतपुर
जारई की डकैती की घटना में बदमाशों में तलाश कर रही थी। कैथल से बुधनगर खंडवा की ओर
जाने वाले रास्ते पर एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपितों
ने बाइक कच्चे रास्ते में उतार दी और तेजी से जाने लगे। पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया
तो आरोपितों ने फायरिंग कर दी।चंदौसी पुलिस ने मुठभेड़ में डकैती की घटना में बदमाश
को पकड़ा- जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक गोली पीछे बैठ बदमाश के
पैर में लगी और बाइक जमीन पर गिर गई। बाइक गिरते ही दूसरा बदमाश मौके से भाग गया। पुलिस
ने घायल बदमाश को पकड़ लिया।फरार बदमाश की तलाश में जुटी पुलिस- ये दोनों बदमाश
असलातुर जारई गांव में डकैती की घटना में शामिल थे। पुलिस भागे हुए बदमाश की तलाश में जुटी है। वहीं घायल बदमाश को चंदौसी के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।

मैनाठेर कांड: सजा सुनते ही फूट-फूटकर रोने लगे दोषी, कोर्ट परिसर में खड़े परिजन भी बिलख पड़े

मैनाठेर बवाल मामले में मुरादाबाद की अदालत ने 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। फैसला सुनते ही कोर्ट कक्ष में मौजूद सभी दोषी फूट-फूटकर रोने लगे, कोई सिर पकड़कर बैठ गया तो कोई जमीन पर बैठकर बिलखता नजर आया। जैसे ही सजा की खबर बाहर पहुंची, कचहरी परिसर में मौजूद परिजन भी रो पड़े।मुरादाबाद में 15 साल पहले मैनाठेर क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले

16 दोषी शनिवार को बेबस नजर आए। आजीवन कारावास की सजा सुनते ही कोर्ट में फूट-
फूटकर रोने लगे। इसकी जानकारी जैसे ही कोर्ट के बाहर आई तो उनके परिजन भी बिलख पड़े।
कुछ देर के लिए कचहरी का माहौल भावुक हो गया। एडीजे-दो की अदालत में मैनाठेर बवाल के
दोषियों को शनिवार को सजा सुनाई जानी थी लेकिन उनके परिजन सुबह से ही कचहरी में पहुंच गए
थे। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस सभी दोषियों को जिला जेल से कचहरी लेकर पहुंची और सीधे
एडीजे-दो की कोर्ट के सामने गेट के पास वाहन लगा दिया।दोपहर करीब एक बजे एडीजे-दो की
कोर्ट ने 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट कक्ष में मौजूद सभी दोषी फूट-
फूटकर रोने लगे। किसी ने अपना सिर पकड़ लिया तो कोई जमीन पर बैठकर रोने लगा। बताया जा
रहा है कि एक-दूसरे को पकड़कर बिलखते नजर आए। दोषी कासिम के पिता इकबाल तो कोर्ट के
सामने पार्क में पेड़ के नीचे बैठकर रोने लगे। बोले कि मेरा इकलौता बेटा है।मैनाठेर थाने की सुरक्षा
बढ़ाई- मैनाठेर बवाल के दोषियों को शनिवार को सजा सुनाई गई। क्षेत्र में किसी तरह का बवाल या
हंगामा न हो। इसके लिए पुलिस भी अलर्ट रही। मैनाठेर थाने में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया
गया।जिस मुकदमे को सपा करा रही थी वापस, अदालत ने उसमें दोषियों को सुनाई सजा- पूर्व डीजीपी- पूर्व डीजीपी एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल ने मैनाठेर बवाल के दोषियों को आजीवन कारावास
की सजा के एलान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सपा अपने कार्यकाल में इस मुकदमे को वापसी करने में जुटी थी लेकिन अदालत इस मामले में शुरुआत से गंभीर थी और उस वक्त की सरकार
की ओर से दाखिल की गई अर्जी को खारिज करते हुए मुकदमे की सुनवाई जारी रखी थी।उन्होंने कहा कि 2012 में सत्ता परिवर्तन के साथ ही आईपीएस अफसर पर हमले की घटना को सपा सरकार
मामूली मानने लगी थी। कुछ नेता और उनके समर्थकों को खुश करने के लिए सपा सरकार ने इस मुकदमे को वापस लेने का निर्णय लिया था लेकिन कोर्ट ने सपा की अर्जी खारिज कर दी थी।उसका
ही नतीजा है कि आज अदालत ने इस मामले में अहम फैसला सुनाते हुए 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उनका कहना है कि बाकी मुकदमों की भी दोबारा जांच की जाए ताकी
मैनाठेर बवाल की साजिश रचने वाले आरोपी भी सलाखों के पीछे जाएं।धमकी और तबादलों भी नहीं डरे थे वादी रवि कुमार- डीआईजी पर हमले के मामले में उनके पीआरओ रवि कुमार ने एफआईआर
दर्ज कराई थी। रवि कुमार भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वह भी भीड़ में फंस गए थे और डीआईजी के साथ ही रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मुकदमे को वापस लेने के लिए उन
पर तरह तरह से दबाव बनाए गए। कभी ट्रांसफर की धमकी दी गई तो कभी अन्य तरह की धमकी दी गई लेकिन उन्होंने उस मंजर को देखा। इस तरह भीड़ ने हमला किया था। अदालत के फैसले से
बहुत खुश हैं।डीआईजी पर हमले में 16 दोषियों को आजीवन कारावास -वर्ष 2011 में छह जुलाई को मैनाठेर क्षेत्र में मुरादाबाद के तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार सिंह पर जानलेवा हमला कर
सड़कों पर खुलेआम उत्पात मचाने में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर जिला न्यायाधीश-2 कृष्ण कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को सजा सुनाने के साथ सभी दोषियों
पर 55-55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। सजा सुनाए जाते ही सभी को जेल भेज दिया गया। अदालत में इन सभी को 23 मार्च को दोषी करार दिया था।मैनाठेर क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव
में छह जुलाई 2011 को छेड़खानी के आरोपी युवक की तलाश में पुलिस ने दबिश दी थी। आरोपी के परिवार ने पुलिस पर धार्मिक पुस्तक का अपमान करने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया था।
इसके बाद मुरादाबाद-संभल रोड पर तीन जगह लोगों ने जाम लगाकर बवाल किया था। मैनाठेर थाने और डींगरपुर पुलिस चौकी में आग लगा दी थी।हालात काबू करने निकले तत्कालीन डीआईजी
अशोक कुमार सिंह और डीएम राजशेखर को भी भीड़ ने घेर लिया था। डीएम के निकल जाने पर भीड़ डीआईजी अशोक कुमार पर टूट पड़ी थी। खुद को बचाने की कोशिश में डींगरपुर स्थित पेट्रोल
पंप पर पहुंचे डीआईजी पर बेरहमी से हमला करते हुए भीड़ ने उनकी पिस्टल छीन ली थी। कई थानों की फोर्स द्वारा घेराबंदी शुरू करने पर भीड़ डीआईजी को मरणासन्न हालत में छोड़कर भागी थी।इस
मामले में डीआईजी के तत्कालीन पीआरओ रवि कुमार ने 33 नामजद और 300 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 25 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें छह आरोपी
नाबालिग होने के कारण उनकी फाइल दूसरी अदालत में भेज दी गई थी। डीआईजी पर हमले के मामले में सुनवाई एडीजे-2 कृष्ण कुमार सिंह की अदालत में चली। शनिवार को 16 दोषियों को उम्रकैद
की सजा सुनाई गई।सुनवाई के दौरान तीन आरोपियों की हो चुकी है मौत- मैनाठेर बवाल में तत्कालीन डीआईजी के हमले और उत्पाद में आरोपी बनाए गए लोगों में से तीन की मामले की सुनवाई
के दौरान मौत हो चुकी है। सुनवाई का सिलसिला आगे बढ़ने पर 23 मार्च को 16 आरोपियों को दोषी करार दिया गया। शनिवार को सजा सुनाए जाने के बाद सभी न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिए
गए।इन दोषियों को सुनाई गई सजा-मंजूर अहमद निवासी डींगरपुर, मो. अली, हाशिम निवासी ललवारा थाना मैनाठेर, मो. कमरुल, मो. मुजीफ निवासी मसेबी रसूलपुर थाना मैनाठेर, मो. यूनुस,
अंबरीश निवासी शाहपुर चामरान, कासिम निवासी परियावली थाना असमोली जिला संभल, मो. मोबीन उर्फ मोहम्मद मोहसिन निवासी बरखेड़ा थाना डिडौली जिला अमरोहा, मो. मुजीब, तहजीब
आलम निवासी असदपुर थाना मैनाठेर, जाने आलम निवासी मिलक नवाब मैनाठेर, मो. नाजिम निवासी असदपुर मैनाठेर, मैनाठेर के लालपुर निवासी रिजवान और ताहरपुर निवासी मो. फिरोज।

सो रहे मजदूर की हाथ-पैर बांधकर गला रेतकर हत्या, पास ही सो रहे थे बीवी-बच्चे; बेहोशी की हालत में मिली महिला

पिपलोती कलां गांव में शनिवार रात मजदूर मेहराज की गला रेतकर हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने हाथ-पैर बांधकर वारदात को अंजाम दिया। पत्नी बेहोश मिली, पुलिस जांच में जुटी है।यूपी

के अमरोहा जिले के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपलोती कलां गांव में शनिवार रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई है। घर के टिनशेड में सो रहे मजदूर मेहराज उर्फ मिराज (35) की अज्ञात हमलावरों ने हाथ-पैर बांधकर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के समय उनकी पत्नी रूही और बच्चे भी पास ही सो रहे थे। सुबह पत्नी बेहोशी की हालत में मिली, जबकि बच्चों को कोई चोट नहीं आई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।ग्रामीणों के मुताबिक मेहराज शनिवार रात अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर के टिनशेड में अलग-अलग चारपाइयों पर सोए थे। रविवार सुबह जब उनके पिता मौबीन पहुंचे तो मेहराज को खून से लथपथ पड़ा देखा। पास जाकर देखा तो उसके हाथ-पैर बंधे थे और गर्दन पर गहरे घाव थे। यह देख परिवार में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं बेहोश पत्नी रूही को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। होश में आई पत्नी भी कुछ बताने को तैयार नहीं है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। परिजनों के मुताबिक, मृतक मेहराज दिल्ली में रहकर बेलदारी का काम करता था और चार दिन पहले ही गांव लौटा था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस वारदात से गांव में दहशत का माहौल है। सीओ पंकज त्यागी ने बताया कि हत्या के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

फिर करवट लेगा मौसम, एक अप्रैल तक बारिश का अनुमान

मुरादाबाद। वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले दिनों प्रदेश में बूंदाबांदी के साथ हुई हल्की वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में औसतन 3-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार इसका प्रभाव समाप्त होने से 28-29 मार्च के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग इतनी ही वृद्धि के बाद आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से फिर 3-6ए डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की सम्भावना है।जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 29 मार्च देर शाम/रात से प्रदेश में वर्षा का अगला दौर आरम्भ होकर महीने के अन्त तक जारी रहने की संभावना है। मौसम तंत्रों के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में भी 2-4एडिग्री सेल्सियस के त्वरित उतार चढ़ाव जारी रहने की संभावना जताई गई है।

हिस्ट्रीशीटर नरेश बन गया था 'सुल्तान', 21 साल बाद यक्ष एप से खुली पहचान; संभल की मस्जिद में भी जाता था

बामुरादाद के पाकबड़ा का हिस्ट्रीशीटर नरेश 21 साल से पुलिस से बचकर संभल में सुल्तान बनकर रह रहा था। वह मुस्लिम पहचान अपनाकर मस्जिद भी जाता था। यक्ष ऐप पर फोटो अपलोड होने से नखासा पुलिस ने उसे पहचान लिया। फर्जी दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार नरेश पर लूट और डकैती के नौ मामले दर्ज हैं।21 साल से फरार हिस्ट्रीशीटर नरेश गिरफ्तार संभल में सुल्तान बनकर मुस्लिम पहचान अपनाई- यक्ष ऐप से पुलिस ने पहचान कर दबोचा 21 साल पहले पुलिस से बचने के लिए संभल पहुंचा हिस्ट्रीशीटर नरेश सुल्तान बन गया। मुस्लिमों के बीच एक कमरे में किराये पर रहकर मेहनत मजदूरी करनी शुरू कर दी। मुस्लिम समाज के लोगों के साथ मस्जिद भी जाता था। अब पाकबड़ा पुलिस ने 21 साल पहला फोटो यक्ष ऐप पर

अपलोड किया था नखासा पुलिस ने पहचान लिया। जानकारी के बाद पाकबड़ा पुलिस इसकी तलाश में लग गई। शनिवार को पुलिस ने उसे डींगरपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।एक साल से संभल सुल्तान बनकर रहा था नरेश, जाता था मस्जिद- पुलिस के अनुसार नरेश निवासी गांव हाशमपुर गोपाल पाकबड़ा का हिस्ट्रीशीटर है। वह करीब 21 साल पहले अपने गांव से फरार हो गया था और तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। कुछ दिनों पहले यक्ष ऐप पर हिस्ट्रीशीटर नरेश का फोटो अपलोड कर दिया।उधर संभल की नखासा पुलिस ने भी नरेश का फोटो यक्ष ऐप पर अपलोड कर दिया। नाम भले ही अलग था, लेकिन फोटो एक होने के चलते आरोपित पकड़ में आ गया। नखासा पुलिस ने इस मामले की जानकारी पाकबड़ा पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। यक्ष ऐप पर किया फोटो अपलोड तो नखासा पुलिस ने लिया पहचान- शनिवार को आरोपित डींगरपुर रोड पर था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपित को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसने खुद को सुल्तान पुत्र जमालुद्दीन निवासी संभल बताया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना असली नाम नरेश स्वीकार कर लिया।सभी दस्तावेज फर्जी नाम और पते से बनाए गए-तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से दो फर्जी आधार कार्ड, तीन वोटर आईडी, एक पैन कार्ड, एक ई-श्रम कार्ड, प्रथमा बैंक का स्मार्ट कार्ड और एक लेटर हेड बरामद हुआ। ये सभी दस्तावेज फर्जी नाम और पते पर बनाए गए थे, जिनके सहारे वह वर्षों से अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। पूछताछ में नरेश ने बताया कि उस पर लूट और डकैती के कई मुकदमे दर्ज हैं और वह पहले कई साल जेल में भी रह चुका है। नई पहचान बनाकर संभल में रहने लगा आरोपित- पुलिस की लगातार निगरानी से परेशान होकर उसने अपना घर-परिवार छोड़ दिया और नई पहचान बनाकर संभल में रहने लगा। आरोपित के खिलाफ पाकबड़ा, मैनाठेर, ठाकुरद्वारा और अमरोहा के डिडौली में नौ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस को यह बड़ी कामयाबी मिली है। आरोपित 21 साल से फरार था। जिसे यक्ष ऐप के माध्यम से उसे गिरफ्तार कर लिया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

बरेली में पुलिस कर्मियों को मिला जीवन रक्षक प्रशिक्षण, प्राथमिक उपचार व आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित रविन्द्रालय सभागार में सीसी टीम, यातायात पुलिस एवं यूपी-112 कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) की टीम द्वारा प्राथमिक चिकित्सा शिविर तथा नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा आपदा एवं बचाव की आपातकालीन विधियों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना रहा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मो0 अकमल खान, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ0 अतुल श्रीवास्तव, सेक्रेटरी डॉ0 अंशु अग्रवाल, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ0 डी0डी0 गंगवार, आईएसए नेशनल गवर्निंग काउंसिल सदस्य डॉ0 आरकेभास्कर तथा आईएसए बरेली प्रेसिडेंट डॉ0 रतनपाल सिंह सहित नागरिक सुरक्षा कोर के कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कोर के सहायक उपनियंत्रक प्रमोद कुमार डागर, डिवीजनल वार्डन दिनेश कुमार यादव, स्टाफ ऑफिसर आलोक शंखधर, आईसीओ विशाल गुप्ता, डिप्टी पोस्ट वार्डन ओमप्रकाश और निरीक्षक यातायात शैलेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में यातायात पुलिस, सीसी टीम के लगभग 110 सदस्य एवं यूपी-112 के 76 अधिकारी-कर्मचारियों सहित कुल करीब 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्राथमिक उपचार, सीपीआर, सड़क दुर्घटना में त्वरित सहायता, आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू ऑपरेशन की व्यवहारिक जानकारी दी गई।

15 मिनट में पहुंची पुलिस, युवक की बचाई जान, इंस्टाग्राम पोस्ट से मिला आत्महत्या का संकेत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / ?बरेली। थाना आंवला क्षेत्र में बरेली पुलिस की तत्परता से एक युवक की जान बच गई। मुख्यालय से प्राप्त मेटा अलर्ट सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महज 15 मिनट में मौके पर पहुंचकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को सुरक्षित बचा लिया। 28 मार्च शनिवार को बरेली पुलिस को सूचना मिली कि थाना आंवला निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- आज मेरा आखरी दिन है, और आज मैं ज़हर खाने वाला हूं। इस गंभीर सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। 15 मिनट में पहुंची पुलिस टीम- मुख्यालय से मिली लोकेशन के आधार पर थाना आंवला के उप निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मात्र 15 मिनट में युवक के घर पहुंच गए। परिजनों से जानकारी लेने के बाद जब पुलिस कमरे में पहुंची, तो युवक ने अपने हाथ पर ब्लेड से कट लगा रखे थे और कीटनाशक दवा भी पी ली थी। युवक की हालत बिगड़ती देख पुलिस ने बिना देर किए परिजनों के साथ उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सुरक्षित घर भेज दिया। होश में आने के बाद युवक ने बताया कि वह एक युवती से प्रेम करता है, जिसने उससे बात करना बंद कर दिया, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस कर्मियों ने युवक की काउंसलिंग की और उसे समझाया, जिस पर युवक ने भविष्य में ऐसी गलती न करने का आश्वासन दिया। युवक के परिजनों ने थाना आंवला पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

कौन बनेगा सपा जिलाध्यक्ष ? हाईकमान ने बरेली के नेता बुलाए

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप को हटाए जाने के बाद उनकी जगह किसकी ताजपोशी होगी, इसे लेकर हाईकमान स्तर पर कवायद तेज हो गई है। जिलाध्यक्ष के नाम पर चर्चा को बरेली से सपा के सभी विधानसभा अध्यक्ष बुलाए गए हैं। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी को भी बुलावा आया है। पार्टी में पीडीएम फार्मूले पर फोकस के बीच बरेली में कौन बनेगा जिलाध्यक्ष की कहानी किस ओर जाने वाली है, कई तरह की चर्चाएं चल पड़ी हैं। विधानसभा और पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच बरेली जिले में सपा की बारात बिन दूल्हे के नजर आ रही है। शिवचरन कश्यप की जिलाध्यक्षी जाने को काफी समय बीत चुका है, लेकिन पाटी अभी तक नए जिलाध्यक्ष के नाम पर मुहर नहीं लगा सकी है। मसला चाहे चुनावी हो या संगठन का, बरेली के समाजवादी नेताओं की आपसी खींचतान की कहानी किसी से छिपी नही हैं। खासतौर पर यादव बिग्रेड, में, जहां जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदार तो कई हैं मगर परदे के पीछे रस्साकशी भी खूब है। पार्टी से सूत्र बताते हैं कि गुटबाजी और आपसी तनातनी को खत्म करने के लिए हाईकमान बरेली पर बहुत सोच-विचार कर फैसला लेने के मूड में है। जिलाध्यक्ष कोई भी बने, इसे लेकर आखिरी फैसला सपा प्रमुख अखिलेश यादव ही लेने वाले हैं। शिवचरन कश्यप को हटाए जाने के बाद से ही दावेदार बरेली से लखनऊ तक लगातार दौड़ लगा रहे हैं।

मेले से लापता हुईं चार नावालिग लड़कियां, पांच घंटे में बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सिकलापुर मेले से लापता हुई गंगापुर की चार नाबालिग लड़कियों को बारादरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए करीब पांच घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। जांच में सामने आया कि बच्चियों को मोहल्ले का ही एक व्यक्ति, जो दो बच्चियों का पिता है, अपने साथ रिश्तेदारी में छोड़ आया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। थाना बारादरी क्षेत्र के गंगापुर में रहने वाली नेहा पत्नी राहुल ने शनिवार रात करीब 11:25 बजे पुलिस को सूचना दी कि उनकी दो बेटियां 10 वर्षीय रिद्धिमा और 7 वर्षीय महिमा सिकलापुर में मेला देखने गई थीं। उनके साथ मोहल्ले के विजय कुमार की बेटियां, 10 वर्षीय नायरा और 8 वर्षीय पलक भी थीं, जो वापस नहीं पहुंचीं हैं। सूचना मिलते ही थाना बारादरी पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर लड़कियों की तलाश शुरू कर दी।सीसीटीवी फुटेज से खुला मामला, पिता के साथ जाती दिखीं लड़कियांपुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें चारों लड़कियां नेहा के पति राहुल के साथ जाती हुई दिखाई दीं। इसके बाद पुलिस ने राहुल से संपर्क किया। पूछताछ में उसने बताया कि पत्नी से विवाद के चलते वह अपनी दोनों बेटियों को इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अहलादपुर स्थित बहन-बहनोई के घर छोड़ने गया था। उनके साथ मौजूद दो अन्य लड़कियों ने भी साथ जाने की जिद की तो वह उन्हें भी वहीं छोड़ आया। बरामदजानकारी मिलते ही पुलिस टीम परिजनों के साथ अहलादपुर में राहुल के बहन बहनोई के घर पहुंची और रविवार सुबह करीब चार बजे चारों लड़कियों को सकुशल बरामद कर परिवार वालों को सौंप दिया।

IPS केके-अंशिका की शाही शादी: धोरीमन्ना से जोधपुर तक मनेगा जश्न, अब पिता-पुत्र के डांस ने जीता दिल

आईपीएस कृष्ण कुमार विश्नोई और आईपीएस अंशिका वर्मा की शादी 30 मार्च को जोधपुर में होगी। धोरीमन्ना में रस्में शुरू हो चुकी हैं। गोरखपुर में शुरू हुई प्रेम कहानी अब विवाह में बदलेगी, समारोह में कई हाई-प्रोफाइल मेहमान शामिल होंगे। इस बीच IPS केके विश्नोई का पिता संग डांस का वीडियो भी चर्चा में है।उत्तर प्रदेश पुलिस के दो चर्चित और तेज-तर्रार अधिकारियों आईपीएस कृष्ण कुमार विश्नोई और आईपीएस अंशिका वर्मा खूबसूरत मुकाम पर पहुंचने जा रही है। सख्त लिए पहचाने जाने वाले संभल के एसपी कृष्ण शादी को लेकर चर्चा के केंद्र में हैं। उनकी शादी बल्कि एक हाई-प्रोफाइल आयोजन बन गई है, प्रदेश और दिल्ली तक के बड़े नाम शामिल होने शादी का जश्न- बालोतरा जिले के धोरीमन्ना शादी की रस्में 27 मार्च से ही शुरू हो चुकी हैं। जैसे पारंपरिक कार्यक्रमों के बीच पूरा गांव उत्सव 28 मार्च को यहां भव्य 'बारात सभा' का

जिसमें स्थानीय लोग और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।29 मार्च को निकलेगी बारात, जोधपुर बनेगा शादी का साक्षी- 29 मार्च को बारात धोरीमन्ना से रवाना होकर जोधपुर पहुंचेगी, जहां 30 मार्च को लारिया (लहरिया) रिसॉर्ट में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न होगा। इसके बाद एक भव्य रिसेप्शन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारी और राजनीतिक हस्तियां शामिल हो सकती हैं। चर्चाएं हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस मौके पर आकर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दे सकते हैं।गोरखपुर से शुरू हुई थी प्रेम कहानी- 2018 बैच के आईपीएस कृष्ण कुमार विश्नोई और 2021 बैच की आईपीएस अंशिका वर्मा की पहली मुलाकात गोरखपुर में पोस्टिंग के दौरान हुई थी। पेशेवर मुलाकात धीरे-धीरे दोस्ती में बदली और फिर यह रिश्ता प्यार में बदल गया। 25 मार्च को संभल में सगाई के बाद अब दोनों विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं।सोशल मीडिया पर छाया डांस वीडियो- शादी के जश्न के बीच एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने लोगों का दिल जीत लिया है। इस वीडियो में आईपीएस कृष्ण कुमार विश्नोई अपने पिता के साथ मशहूर गीत पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगाज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। सख्त पुलिस अधिकारी की छवि से इतर उनका पारिवारिक रूप लोगों को खूब पसंद आ रहा है। पिता-पुत्र की इस खास बॉन्डिंग ने समारोह को और भी यादगार बना दिया।

नूरानपुर में मंदिर की संपत्ति पर हनुमान नाथ का कब्जे का खेल, लाखों के पेड़ बेचकर कार खरीदने का मामला

